# Bihar Board Class 6 Social Science Civics Solutions Chapter 5 हमारी सरकार

पाठ्य-पुस्तक के प्रश्नोत्तर

प्रश्न 1.
ऊपर दिये गये अखबारों के मुख्य समाचार सरकार के किन-किन कार्यों को दर्शाते हैं? आपस में चर्चा करें।
उत्तर-
छात्र शिक्षक की सहायता से स्वयं करें।

प्रश्न 2.
सरकार क्या-क्या काम करती है ? अपने शब्दों में समझाएँ।
उत्तर-
सरकार-सरकार देश को आगे बढ़ाने और उन्नति करने के लिए अनेक कार्य करती है। सड़क का निर्माण, स्कल का निर्माण, बहत ज्यादा महंगाई हो जाने पर किसी चीज के दाम कैसे घटाया जाए अथवा बिजली की आपूर्ति को कैसे बढ़ायी जाए, सरकार कई समाजिक मुद्दों पर भी कार्रवाई करती है। सरकार गरीबों की मदद करने के लिए कई कार्यक्रम चलाती है। इनके अलावा वह अन्य महत्वपूर्ण काम भी करती है, जैसे-तार. फोन.

रेल सेवाएँ आदि । सरकार का काम देश की सीमाओं की सुरक्षा करना और दूसरे देशों से शांतिपूर्ण संबंध बनाए रखना, देश के सभी नागरिकों को पर्याप्त भोजन, शिक्षा और अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएँ, प्राकृतिक आपदा, सूखा, बाढ़ या भूकंप से पीड़ित लोगों की सहायता करना है। सरकार कई तरह के काम करती है। वह नियम बनाती है और निर्णय लेती है और अपनी सीमा में रहने वाले लोगों पर उन्हें लागू करती है।

प्रश्न 3.
सरकार के कुछ ऐसे कार्यों का उदाहरण दें जिसकी चर्चा यहाँ नहीं की गई है।
उत्तर-
सरकार अपने देश को विकास में आगे बढ़ने के लिए अनेक नये तरीकों के द्वारा देश को विकासशील बनाने का हर संभव प्रयास करती है। सरकार महत्वपूर्ण योजनाएं लागू कर अपने राष्ट्र को विकसित करने में अपना योगदान देती है।

सरकार के द्वारा चलाये गये योजनाओं को समय-समय पर लागू करके विभिन्न क्षेत्रों में अपना विशेष योगदान देती है। भारत सरकार गरीबों पर विशेष ध्यान में रखकर उसे आगे बढ़ने को प्रोत्साहित करने का भी काम करती है। राज्य सरकार राज्य स्तर पर कार्य करती है। स्थानीय सरकार केवल एक ही स्थान जैसे पटना की सरकार पटना के लिए कार्य करती

प्रश्न 4.
लोकतंत्र और राजतंत्र की तीन मुख्य अंतर को रेखांकित करें।
उत्तर-
लोकतंत्र-

1. लोकतंत्र में जनता अपनी इच्छा से मताधिकार का प्रयोग कर सरकार को चुनती है।

evidyarthi

2. लोकतंत्र में अपने किये गये कार्यों पर सफाई देनी पड़ती है।
3. लोकतंत्र में सभी वयस्क लोगों को चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने का अधिकार प्राप्त होता है।

राजतंत्र-

1. राजतंत्र में राजा अपने वंश परम्परा से आते हैं।
2. वे स्वयं निर्णय लेते हैं, जिनके लिए उन्हें कोई सफाई नहीं देनी पड़ती
3. राजतांत्रिक सरकार में सत्ता की सारी शक्ति राजा में निहित होती

प्रश्न 5.
दोनों में क्या बहस हई होगी? अभिनय द्वारा दर्शाएँ।
उत्तर-
छात्र शिक्षक की मदद से स्वयं करें।

प्रश्न 6.
शिक्षक की मदद से ऊपर दिये गए तरीकों के कुछ उदाहरण ढूंढें और चर्चा करें कि उनका क्या प्रभाव पड़ सकता है।
उत्तर-
छात्र शिक्षक की सहायता से स्वयं करें।

प्रश्न 7.
अपने अध्यापक की सहायता से ऊपर लिखित विवादों के पीछे क्या कारण थे समझें और उसके समाधान के रास्ते क्या हैं ? चर्चा करें।
उत्तर-
छात्र शिक्षक की सहायता से स्वयं करें।

अभ्यास

प्रश्न 1.
रिक्त स्थानों को भरें

1. सरकार राज्य का ..................... रूप है।
2. राज्य अपना कार्य .............. के माध्यम से करती है।
3. सरकार के .................... अंग हैं।
4. कानून ................. बनाती है।
5. राजतंत्र में शक्ति ................. के हाथ में होता है।

उत्तर-

1. मूर्त
2. राज्य सरकार
3. तीन
4. विधायिका
5. राजा।


https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 2.
सरकार से आप क्या समझते हैं ?
उत्तर-
विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित निर्णय लेने एवं काम करने के लिए सरकार की जरूरत होती है। ये निर्णय कई विषयों से संबंधित हो सकते हैंसड़क और स्कूल कहाँ बनाये जाएँ, अधिक से अधिक बच्चे स्कूल कैसे पहुँचे, बहुत ज्यादा महँगाई हो जाने पर किसी चीज के दाम कैसे घटाए जाएँ अथवा बिजली की आपूर्ति को कैसे बढ़ाई जाए. आदि ।

सरकार ही पूरी व्यवस्था को बनाये रखती है। उसकी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करती है कि देश के सभी नागरिकों को पर्याप्त भोजन, शिक्षा और अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएँ मिले । जब प्राकृतिक विपदा घेरती है, जैसे सूखा, बाढ़ या भूकंप तो मुख्य रूप से सरकार ही पीडित लोगों की सहायता करती है।

प्रश्न 3.
लोकतांत्रिक सरकार क्या है?
उत्तर-
भारत एक लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र की प्रमुख बात यह है कि इसमें जनता अपना प्रतिनिधि मतदान के द्वारा चुनती है। वही प्रतिनिधि शासन भी चलात हैं। लोकतंत्र की महत्वपूर्ण बात यह है कि लोग खुद सरकार में अपने प्रतिनिधि द्वारा शामिल होकर शासन करते हैं लोकतांत्रिक सरकार कहलाते हैं।

प्रश्न 4.
लोकतांत्रिक सरकार में कौन-कौन तत्व हैं? व्याख्या करें।
उत्तर-
लोकतांत्रिक सरकार तीन अधारभूत सिद्धान्तों पर काम करती है।

1. लोगों की भागीदारी
2. समस्याओं का समाधान
3. समानता एवं न्याय इसके प्रमुख सिद्धान्त हैं।

1. भागीदारी लोकतांत्रिक सरकार चुनने में जनता की सबसे अहम, भागीदारी होती है। जनता अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने लिए प्रतिनिधि चुनती है और प्रतिनिधि के जरिए अपनी हर समस्याओं को सरकार के सामने रखती है ताकि उनकी समस्याओं का समाधान हो सके । अगर जनता सरकार के कार्यों से संतुष्ट नहीं होती है तो, धरने, जुलुस, हड़ताल, सत्याग्रह आदि के द्वारा अपनी बात सरकार तक पहुँचाती है और शासन में भागीदार बनती है। लोकतांत्रिक सरकार में सरकार बनाने से लेकर सरकार के कार्यों की समीक्षा में भी भागीदारी रहती है।

2. समस्याओं का समाधान हमारा देश लोकतांत्रिक है। यहाँ विभिन्न प्रकार के विवाद उत्पन्न होते रहते हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं। जहाँ लोगों के बीच मतभिन्नता होती है लोग अपने-अपने कार्यों की स्वार्थसिद्धि में रहते है। दूसरे के हितों का ख्याल नहीं रखते है, आपसी समझ का उपयोग नहीं करते हैं लोगों के बीच सामंजस्य का अभाव होता है।

इन सभी कारणों से ही विवाद उत्पन्न होते हैं। कुछ लोग इन विवादों को अपने ढंग से सुलझाना चाहते हैं जिससे कभी-कभी विवादों का समाधान होने की जगह ये और बढ़ जाते हैं तथा हिंसात्मक रूप ले लेता है। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी होती है कि वह विवादों का सामाधान करे। विवाद कई स्तरों पर होते हैं. ग्रामीण या राष्ट्रीय अथवा


https://www.evidyarthi.in/

अन्तर्राष्ट्रीय । जैसे-कृष्णा-कावेरी विवाद, दो राज्य तमिलनाडु कर्नाटक के बीच, कोशी नदी विवाद, दो देशों नेपाल-भारत के बीच, पाकिस्तान-भारत के बीच । सरकार प्रायः विवादों का समाधान दो पक्षीय वार्ता के आधार पर करती है।

3. समानता और न्याय-समानता के बिना न्याय संभव नहीं हो सकता है। लोकतात्रिक सरकार समानता एवं न्याय के लिए कटिबद्ध होती है। सरकार द्वारा कानून के माध्यम से महिलाओं को विशेष दर्जा देकर समान अवसर प्रदान किया गया है, जैसे-पैतृक धन-सम्पत्ति में बाँटना । लडकों को समाज में अधिक महत्व दिया जाता है, लेकिन अब लड़कियों को भी समान अधिकार दिये गये हैं। सरकार ने छुआ-छूत पर भी रोक लगायी है जिससे अभिवंचित वर्ग के लोगों को भी समाज में समान अवसर मिले।

सरकार ने लड़के-लड़कियों के बीच होने वाले भेद-भाव पर विशेष ध्यान देते हुए लड़कियों की शिक्षा के लिए सरकारी विद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षा निशुल्क कर दी है। ताकि उन्हें भी समाज में समान अवसर मिल सके और वे भी आगे बढ़े। लोकतांत्रिक सरकार लोक कल्याण की भावना पर आधारित होती है जो स्वतंत्रता, समानता न्याय एवं बंधुत्व की अवधारणाओं को प्रश्रय देती है।


https://www.evidyarthi.in/